प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के 27 लाख 99 हज़ार 982 विद्यार्थियों को बांटी 3 हजार 350 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति : कहा– सेवा और संवेदना के साथ हर वर्ग के लिए काम कर रही है सरकार।
2. मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को प्रदान किये नियुक्ति पत्र और स्मार्टफोन : कहा– सरकार जल्द बढ़ाएगी आउटसोर्स कर्मचारियों का मानदेय।
3. वाराणसी में कल आयोजित होगा एमपी–यूपी सहयोग सम्मेलन : मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में व्यापारिक सहयोग, औद्योगिक निवेश और अन्य क्षेत्रों में साझेदारी पर लगेगी मुहर। और
4. प्रदेश के पश्चिमी जनपदों में हल्की बारिश ने गर्मी से दी राहत : मौसम विभाग ने कल राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में वर्षा का जताया अनुमान।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में वंचित और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के छात्र छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति और पारिवारिक लाभ

योजनाओं के अंतर्गत धनराशि का हस्तांतरण किया। कार्यक्रम में कक्षा 9 और 10 व दशमोत्तर के 27 लाख 99 हज़ार 982 छात्र–छात्राओं के बैंक खातों में 3 हजार 350 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। वहीं राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों के 33 हजार 334 आश्रित लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपए की धनराशि दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर ज़रूरतमंद और पात्र व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार सेवा और संवेदना के साथ हर वर्ग के हितों के लिए काम कर रही है। बाइट......

*जब सेवा संवेदना का हिस्सा बनती है और किसी भी सरकार का लक्ष्य व्यक्ति नहीं, जाति नहीं, संप्रदाय नहीं बल्कि सबका साथ और सबका विकास होता है तो उसका परिणाम इसी रूप में होता है कि सबका साथ सबका विकास का आदरणीय प्रधानमंत्री जी का प्रेरणादाई जो मंत्र है वह कैसे बिना भेदभाव के सभी समुदायों को उस स्कॉलरशिप की स्कीम के साथ जोड़ता है।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 69 हज़ार 804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 2 लाख से अधिक ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस और 18 हज़ार 440 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और

सहायिकाओं को नियुक्ति–पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 450 करोड़ रुपए से अधिक लागत के आंगनबाड़ी केंद्रों और बाल विकास परियोजना कार्यालयों के भवनों का लोकापण और शिलान्यास भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष 5 हजार स अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 60 हजार से अधिक सहायिकाओं की नियुक्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्दी ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों समेत सभी आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी करेगी। बाइट.....

*अगर स्मार्ट आंगनवाड़ी केंद्र होगा तो आपका मानदेय भी स्मार्ट होना चाहिए। मैंने विभाग से कह दिया है अति शीघ्र यह ट्रेनिंग कराओ और मानदेय का प्रस्ताव प्रस्तुत करके बड़ा समारोह करके इन लोगों के मानदेय को अभी से प्रारंभ करना प्रारंभ किया जिससे अति शीघ्र इनको एक मानदेय प्रारंभ हो जाए। सम्मानजनक मानदेय मिलना चाहिए। सम्मानजनक मतलब न्यूनतम मानदेय की गारंटी मिलनी चाहिए। हम लोगों ने प्रारंभ किया है। आप देखना इसी अप्रैल से हम लोग पहले जितने भी आउटसोर्स कर्मिक हैं उनके लिए हम लोगों ने कारपोरेशन संघगठित किया।*

———————

जनगणना 2027 पहली अप्रैल से शुरू होगी। यह स्वतंत्रता के बाद की आठवीं और इस श्रृखंला की 16वीं जनगणना होगी। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त, मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। श्री नारायण ने कहा कि पहले चरण में,

घर–घर की सूची बनाना और स्व–गणना की जाएगी। उत्तर पदेश में पहला चरण 22 मई से शुरू होगा और इससे 15 दिन पूर्व 7 मई से स्व–गणना की सुविधा उपलब्ध होगी। बाइट.....

*जनगणना की तैयारियां अब अग्रिम अवस्था में पहुंच चुकी है और अब से कुछ एक दिन में ही फील्ड का कार्य प्रथम चरण प्रारंभ होने जा रहा है। जनगणना एक वृहद कार्य है। इसमें केन्द्रीय स्तर पर और राज्यों के स्तर पर संघ शासित प्रदेशों के स्तर पर विषद तैयारी चलती है, तो यह जनगणना दो चरणों में संपन्न होती है और इस बार आंकड़ों का संग्रह डिजिटल माध्यम से किया जाना है।*

————————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कल पीसीएस 2024 का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया। फाइनल रिजल्ट के अनुसार 947 पदों के सापेक्ष कुल 932 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। इनमें 613 पुरुष अभ्यर्थियों और 319 महिला उम्मीदवारों का चयन हुआ है। दिल्ली की नेहा पांचाल टॉपर घोषित की गई है, जबकि दूसरा स्थान रायबरेली की अनन्या त्रिवेदी ने हासिल किया है। वहीं अयोध्या की अनामिका मिश्रा चौथे स्थान पर रहीं। मुख्यमंत्री ने सभी सफल उम्मीदवारों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि सभी अपनी प्रतिभा और निष्ठा के साथ नए उत्तर प्रदेश के निर्माण को नई गति प्रदान करेंगे और जनसेवा को अपने आचरण का आधार बनाएंगे।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

वाराणसी में कल मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एमपी–यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच व्यापारिक सहयोग, औद्योगिक निवेश और अन्य क्षेत्रों में एमओयू भी किए जाएंगे। साथ ही काशी–उज्जैन–चित्रकूट धार्मिक पर्यटन सर्किट को संयुक्त रूप से विकसित करने पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट.....

*इस सम्मेलन की शुरुआत काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अध्ययन भ्रमण से होगी, जहां क्राउड फ्लो डिजाइन, इंफ्रास्ट्रकचर और तीर्थयात्री प्रबंधन प्रणालियों को नज़दीक से देखा जाएगा। इस अनुभव के आधार पर मध्य प्रदेश में धार्मिक स्थलों के विकास, सुविधाओं के विस्तार और व्यवस्थागत सुधार के लिए व्यवहारिक दृष्टिकोण विकसित किया जाएगा। सम्मेलन में ओडीओपी, जीआई टैग उत्पादों, पारंपरिक शिल्प, कृषि एवं फूड उत्पादों को ब्रांडिंग, मार्केटिंग और निर्यात से जोड़ने पर विशेष फोकस रहेगा। इस*

*दौरान मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच एमओयू भी किए जाएंगे, जिनके माध्यम से व्यापारिक सहयोग, औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प संवर्धन और पर्यटन क्षेत्र में साझेदारी की जाएगी जिससे एक व्यापक आर्थिक इकोसिस्टम तैयार किया जा सके। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार ,वाराणसी।*

———————

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज कुशीनगर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने वहां के फाजिलनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने सरकार की पिछली नौ वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया। श्री पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हर व्यक्ति तक उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है।

———————

प्रदेश में गेहूं खरीद आज से शुरू हो गई है। इसके लिए लगभग 2 लाख 24 हजार से अधिक किसानों ने बिक्री के लिए पंजीकरण करा लिया है। कुशीनगर में 1 हजार 855 किसानों ने पंजीकरण कराया है। जिले में 23 हजार 500 मीट्रिक टन गेंहू खरीद का लक्ष्य तय किया गया है जिसके लिए कुल 71 क्रय केन्द्र बनाय गए हैं। वहीं गाजीपुर में भी आज से गेहूं खरीद प्रारंभ की जा रही है। यहां खाद और रसद विभाग द्वारा 76 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह खरीद 15 जून तक चलेगी।

———————

अम्बेडकर नगर में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत तमसा नदी को साफ करने का अभियान चलाया गया। अभियान में प्रशासन, स्वयंसेवी सहायता समूहों और स्थानीय लोगों ने भागीदारी की। ज़िलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि तमसा नदी को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए प्रभावशाली कदम उठाए जा रहे हैं। बाइट.....

*तमसा नदी जो है उसमें जो सीवेज जाता है और उसके कारण पोल्यूशन हो रहा है। तो एक तो हम लोगों ने जलालपुर और अकबरपुर में एसटीपी प्लांट के लिए जमीन चिन्हांकित करा के नगर विकास विभाग को भेज दिया है तो एसटीपी प्लांट लग जाएंगे तो पोल्यूशन कंट्रोल होगा। दूसरा नेशनल मिशन ऑन क्लीन गंगा की तरफ से टीम आई थी, जिन्होंने जो बायो रेमेडिएशन के स्टेप्स लिए जा रहे हैं, उस पर उन्होंने एनालिसिस किया था और यह पाया था कि जो गंदगी है उस पर अभियान चला कर सफाई की जाए। तो अभी भी पर्यावरण विभाग की तरफ से हम लोग के पास फंड्स आए थे। उसी के तहत यह अभियान हम लोग ने चलाया था।*

———————

आईपीएल क्रिकेट में आज गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से हो रहा है। राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।

———————

प्रदेश के पश्चिमी जनपदों में बीते 24 घंटों में कहीं कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में

गरज चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। आगामी दो दिनों में अधिकतम तापमान में 2–4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने का अनुमान है।

(समाप्त)